भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय
(उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड)
केन्द्रीय भवन, आठवां तल, हाल न0 1,
सेक्टर-'एच', अलीगंज, लखनऊ-226024, उ0प्र0
दूरभाष : 0522 {2337066 (टेलीफैक्स) / 4079533

सत्यमेव जयते

Government of India
Ministry of Youth Affairs & Sports
(Department of Youth Affairs)
Regional Directorate of National Service Scheme
(Uttar Pradesh, Uttarakhand)
Kendriya Bhawan, 8th Floor, Hall No. 1,
Sector 'H', Aliganj, Lucknow-226024, UP
email : nssrc.lo-up@gov.in, nssrclucknow@gmail.com
nssrclucknow@yahoo.com
facebook : NSSRD LUCKNOW

सं0 40-6/रा0से0यो0/क्षे0नि0/लख0/2022-23 | 3118 3127

दिनांक- 22 सितम्बर 2022

सेवा में,

प्राचार्य,
जनता वेदिक कॉलेज बड़ौत बागपत/ ए0के0पी0 कॉलेज बुलंदशहर/ आर0बी0एस0 कॉलेज आगरा/ बी0एच0यू0 वाराणसी/ हिंदू गर्ल्स कॉलेज मुरादाबाद/ के0के0सी0 कॉलेज लखनऊ/ करामत हुसैन डिग्री कॉलेज लखनऊ

विषय- मुस्कुराएगा इंडिया केंद्र स्थापना एवं अन्य कार्यक्रमों में एन0एस0एस0 स्वयंसेवकों की भागीदारी के संबंध में

महोदय/ महोदया,

यूनिसेफ से प्राप्त ईमेल दिनांक 22.09.2022 के संदर्भ में अवगत कराना है कि राष्ट्रीय सेवा योजना, उत्तर प्रदेश और यूनिसेफके साथ मिलकर युवाओं के लिए वैलनेस आधारित मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर मुस्कुराएगा इंडियां कार्यक्रम पर कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य जैसे चिंता, अवसाद और अन्य तनाव से संबंधित समस्याओं का समाधान करना है जिससे आजकल के युवा/ किशोर अपने सामान्य जीवन मे इस तरह की समस्याओं से सामना कर पाए। मुस्कुराएगा इंडिया को राज्य केविभिन्न कॉलेजों में प्रदर्शितकरनेकाप्रस्तावहै।इस क्रम मे वर्तमान में आपके कॉलेज में यूनिसेफके सहयोग से मुस्कुराएगा इंडिया कॉउन्सलिंग सेंटर स्थापित किया जाएगा।

इस केंद्र के मुख्य उद्देश्य निम्न हैं :-

- युवाओं में स्वास्थ्य की अवधारणा और इसके महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना
- मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य जैसे चिंता, अवसाद और अन्य तनाव से संबंधित समस्याओं के बारे मे जागरूकता फैलाना।
- कॉलेज में मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की बुनियादी स्तर की मनोवैज्ञानिक परामर्श की मांग को उत्पन्न करना।

--2/-

- मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु कॉलेज के अंदर मानसिक स्वास्थ्य संवर्ग को सुदृण एवं सक्षम करना।
- मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य से जुड़े कलंक और भेदभाव को दूर करने में जुड़े हुए युवा अधिवक्ताओं (एम्आईमित्र ) की चैन को बढ़ाना और उनको प्रोत्साहित करना।
- एन. एस. एस. काउंसलर और छात्र गोपनीय परामर्श सहायता और जुड़ाव के लिए मुस्कुराएगा इंडिया आईवीआरएस (IVRS- Interactive voice response system) नंबर 08069693100 को बढ़ावा देंगे।

इस केंद्र के लिए एक अलग कमरे का चयन किया जाए जहाँ पर IEC सामग्री के साथ केंद्र संबन्धित अन्य सामग्री रखी जाएगी। जिसके लिए आवश्यक फर्नीचर, व अन्य के भुगतान हेतु यूनिसेफ द्वारा प्रति केंद्र निम्न राशि दी जाएगी-

| S. N. | Particular | Unit | Number | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Furniture** | | One time | 100000 |
| 1.1 | Office table T9 (Godrej office table) size 4.5x2.5 ft | 2 | | |
| 1.2 | Soft board with frame Size 4x2 ft and 3x2 | 2 | | |
| 1.3 | Godrej Office Almirah Storewell plain standard with locker | 1 | | |
| 1.4 | Dari /curtain full-size cotton 20x15 feet | 2 | | |
| 1.5 | Supreme ornate chair with armrest (for councillors) | 2 | | |
| 1.5 | Supreme plastic chair with armrest (for volunteers to sit) | 4 | | |
| 2 | **MI Centre Maintenance** | | | |
| 2.1 | Repairing, painting or curtains and as per need | 1 | One time | 4000 |
| 2.2 | Activities in college for Mental Health Awareness | 2500 | per month | |
| 2.3 | Cleaning, Xerox, printing as per need | 1000 | per month | |
| 2.4 | Phone, Internet | 400 | per month | |

उपरोक्त राशि यूनिसेफ द्वारा उद्यमिता विकास संस्थान उ.प्र. (IEDUP) के माध्यम से दी जाएगी। अवगत हो कि यूनिसेफ द्वारा सहायतित "आकार" परियोजना का

--3/-

andshahr S.C



संचालन उद्यमिता विकास संस्थान उ.प्र. (IEDUP),जो कि सूक्ष्म लघु माध्यम उद्यम एवं निर्यातप्रोत्साहन विभाग, उ.प्र. द्वारा स्थापित संस्थान है, के तकनीकी सहयोग से किया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत 07 कॉलजों मे "मुस्कुराएगाइंडिया" गतिविधि हेतु कॉउन्सलिंग सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं जिसके लिए आवश्यक फर्नीचर व विशेषज्ञ का मानदेय भुगतान IEDUP के माध्यम से आपके कॉलेज को किया जाएगा जोकि यूनिसेफ का सरकारी भागीदार संस्थान (Government partner) है।

गोदरेज एक प्रतिष्ठित ब्रांड है जिनका आपूर्ति तंत्र पूरे प्रदेश मे व्यवस्थित है, उचित होगा कि एक रूपता एवं गुणवत्ता के मानदंड सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण से कॉउन्सलिंग सेंटर के लिए आवश्यक फर्नीचर उपरोक्त विवरण अनुसार गोदरेज से ही लिया जाए।

विनिर्देशों के अनुसार उपरोक्त सामग्रियों/सेवाओं के लाभ हेतु सभी कालेजों को अपनी खरीद प्रक्रिया का पालन करने और उद्यमिता विकास संस्थान उ.प्र (IEDUP) के साथ ऑडिट और साझा करने के लिए वितीय दस्तावेजों को सुरक्षित रखने की आवश्यकता है।

उपरोक्त वर्णित गतिविधियो का संचालन अपने संस्थान में सफलतापूर्वक संचालित किया जाये तथा समय समय पर इसकी जानकारी को पत्र अथवा ईमेल के माध्यम से साझा करें।

भवदीय

(डा0 अशोक कुमार श्रोती)
क्षेत्रीय निदेशक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषितः-

1. निदेशक, रा0से0यो0, निदेशालय, शिवाजी स्टेडियम, नई दिल्ली- 110011
2. राज्य रासेयो अधिकारी- उत्तर प्रदेश
3. संचार विशेषज्ञ, यूनिसेफ, गोमती नगर, लखनऊ
4. संदर्भित कार्यक्रम समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना
5. कॉउंसलर कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना